केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में, भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) द्वारा "सहकारिता के माध्यम से उन्नत और पारंपरिक बीजोत्पादन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी" को संबोधित करेंगे

श्री अमित शाह BBSSL के Logo, वेबसाइट और Brochure का अनावरण तथा बीबीएसएसएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे

संगोष्ठी में BBSSL के उद्देश्य, पैक्स के माध्यम से बीज उत्पादन के महत्व और फसलों की उत्पादकता व पोषण में बीजों की भूमिका के साथ ही छोटे और सीमांत किसानों के उत्थान में सहकारी समितियों की भूमिका पर चिंतन किया जाएगा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के "सहकार से समृद्धि" के विजन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में BBSSL के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन और वितरण से देश में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी

इससे कृषि और सहकारी क्षेत्र में रोजगार के और अधिक अवसर पैदा होंगे, आयातित बीजों पर निर्भरता कम होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलने से "मेक इन इंडिया" को बढ़ावा मिलेगा और आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त होगा

प्रविष्टि तिथि: 25 OCT 2023 1:57PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, बृहस्पतिवार, 26 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली में, भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (BBSSL) द्वारा "सहकारिता के माध्यम से उन्नत और पारंपरिक बीजोत्पादन पर राष्ट्रीय संगोष्ठी" को संबोधित करेंगे। श्री अमित शाह BBSSL के Logo, वेबसाइट और Brochure का अनावरण तथा बीबीएसएसएल सदस्यों को सदस्यता प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे। संगोष्ठी में BBSSL के उद्देश्य, पैक्स के माध्यम से बीज उत्पादन के महत्व और फसलों की उत्पादकता व पोषण में बीजों की भूमिका के साथ ही छोटे और सीमांत किसानों के उत्थान में सहकारी समितियों की भूमिका पर चिंतन किया जाएगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा सहकारी क्षेत्र के माध्यम से उन्नत एवं पारंपरिक बीज अनुसंधान और उत्पादन के साथ प्रसंस्करण व विपणन के लिए अंब्रेला संगठन के रूप में कार्य करने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समिति स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिये जाने के बाद BBSSL अस्तित्व में आया है। यह मांग आधारित बीज उत्पादन, बीज भंडारण, प्रसंस्करण, पैकेजिंग के लिए बुनियादी ढांचे के विकास, रसद समर्थन, गुणवत्ता वृद्धि और मानकीकरण, अपेक्षित प्रमाणन व उत्पादित बीजों के विपणन में देश भर की सहकारी समितियों को सहायता प्रदान करेगा। बीबीएसएसएल विभिन्न फसलों और किस्मों के पारंपरिक बीजों के बहुलीकरण और संरक्षण में भी सहकारी समितियों की सहायता करेगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के "सहकार से समृद्धि" के विजन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के रूप में BBSSL के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन और वितरण से देश में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। इससे कृषि और सहकारी क्षेत्र में रोजगार के और अधिक अवसर पैदा होंगे, आयातित बीजों पर निर्भरता कम होगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलने से “मेक इन इंडिया” को बढ़ावा मिलेगा और आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त होगा।

संगोष्ठी सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए पिछले 27 महीनों में की गई 54 नई पहलों पर सहकारिता मंत्रालय के अधिकारियों की एक प्रस्तुति के साथ शुरू होगी। एक दिन की इस संगोष्ठी में देश भर से आए लगभग 2000 प्रतिभागियों के अलावा वर्चुअल माध्यम से भी हजारों प्रतिभागी शामिल होंगे।

देश की तीन प्रमुख सहकारी समितियों- इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लिमिटेड (IFFCO), कृषक भारती सहकारी लिमिटेड (KRIBHCO) और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (NAFED) तथा भारत सरकार के दो प्रमुख वैधानिक निकाय - राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) और राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (NCDC) ने संयुक्त रूप से BBSSL को प्रमोट किया है।

*****

आरके/आरआर

(रिलीज़ आईडी: 1970718) आगंतुक पटल : 426

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: Assamese , English , Urdu , Marathi , Manipuri , Punjabi , Gujarati , Tamil , Kannada